>

Title: Regarding worsening condition of roads and problem of drinking water in Saharanpur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): सभापति महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर उत्तर प्रदेश में अधिकांश सड़कों की दशा बहुत खराब है। जिसमें प्रमुख मार्ग दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग पर सहारनपुर जनपद बार्डर से बेहट, विकास नगर, उत्तराखण्ड बार्डर पर सहारनपुर के आगे मुजफ्फरनगर मार्ग पर, सहारनपुर-देहरादून मार्ग पर, सहारनपुर-जबरेहड़ा मार्ग, उत्तराखण्ड बॉर्डर, फतेहपुर-कल्सिया-ननौता-देवन मार्ग आदि जनपद के दर्जनों ऐसे प्रमुख मार्ग हैं जिनकी स्थिति बहुत ही खराब है। जनपद के अंदर सड़कों की अत्यन्त खराब दशा होने के कारण सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है, पता नहीं चल पा रहा है। इसके कारण प्रमुख मार्गों का यातायात के अधिक आगमान चलते प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। अतः मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि जनपद सहारनपुर के केन्द्रीय मार्ग निधि, सीआरएफ की योजना के अंतर्गत सहारनपुर-बडगांव रोड़ व सहारनपुर-हथिनीकुण्ड बैराज रोड़ लगभग एक साल से निर्माणाधीन है। जिसमें देरी की जानकारी मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार को देना चाहूंगा और साथ ही साथ देरी के कारणों की जानकारी भी लेना चाहूंगा।

इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र के विधान सभा बेहट में पीने के पानी की अत्यन्त समस्या है। उक्त विधान सभा का अधिकांश हिस्सा पर्वतीय अक्षेप होने के कारण यहां इण्डिया मार्क-2 हेण्डपम्प लगभग तीन लाख रुपए से अधिक की लागत पर लगता है। घाढ़ में अत्यन्त गरीब जनजाति के लोग निवास करते हैं। विधान सभा बेहट में गर्मी के मौसम में पीने के पानी की बहुत अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अतः मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त सड़क के निर्माण एवं मेरे संसदीय क्षेत्र बेहट विधान सभा में अविलम्ब तत्काल प्रभाव से आर्थिक सहयोग देकर प्राथमिकता के आधार पर जनहित में उपरोक्त कार्य कराएं।...(व्यवधान)

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, गंगा एक्शन प्लान पर मैं आपके माध्यम से बंसल जी बैठे हैं, मैं आपके माध्यम से बंसल जी से मांग करता हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. Nothing, except the speech of Shri Premdas Katharia, will go on record.

*(Interruptions) â€¦**